St. JOHN'S RESIDENTIAL PUBLIC SCHOOL

Sona Gopalpur, Sampatchak, Patna – Gaya Highway, Patna – 7

Grade: X **Pre – Mid Term Exam - I (2023 – 24)** **Date : / 05/ 23**
Subject: Hindi **Max Marks: 25** **Duration: 1 hr.**
Name: ___________________________________ **Roll: _______**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1X5=5

भारत में गुरु-शिष्य संबंध का यह भव्य रूप आज साधुओं , पहलवानों और संगीतकारों में ही थोड़ा बहुत ही सही , पाया जाता है। भगवान रामकृष्ण बरसों योग्य शिष्य को पाने के लिए प्रार्थना करते रहे। उनके जैसे व्यक्ति को भी उत्तम शिष्य के लिए रो-रोकर प्रार्थना करनी पड़ी थी। इसी से समझा जा सकता है कि एक गुरु के लिए उत्तम शिष्य कितना महंगा और महत्वपूर्ण है। संतानहीन रहना उन्हें दुख नहीं देता , पर बगैर शिष्य के रहने के लिए वे एकदम तैयार नहीं होते | इस संबंध में भगवान ई सा का एक कथन सदा स्मरणीय है। उन्होंने कहा था-"मेरे अनुयायी लोग मुझसे कहीं अधिक महान है और उनकी जूतियाँ होने की योग्यता भी मुझमें नहीं है। यही बात है कि गाँधीजी बनने की क्षमता जिनमें है , उन्हें गाँधीजी अच्छे लगते हैं और वे ही उनके पीछे चलते भी हैं। विवेकानंद की रचना सिर्फ उन्हें पसंद आएगी, जिनमें विवेकानंद की अद्द्भुत शक्ति निहित है।"

प्रश्न (क) भारत में -शिष्य संबंध में गुरु - प्रकाश डालिए ।
(ख) ईसा मसीह अपने शिष्यों को अपने से महान क्यों मानते थे?
(ग) भगवान रामकृष्ण ने योग्य शिष्य पाने के लिए क्या किया था ?
(घ) किन्हें गाँधी जी अच्छे लगते हैं?
(ङ.) उपर्युक्त गद्यांश उपयुक्त का शीर्षक लिखिए

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x4=4

स्वास्थ्य ही मानव की वास्तविक संपत्ति है। स्वस्थ जनसंख्या हो किसी देश के विकास व समृद्धि का सूचक है। स्वस्थ मनुष्य अपने लिए, परिवार के लिए तथा समाज के लिए पूँजी के समान है। स्वस्थ मन व मस्तिष्क में ही सुविचार उत्पन्न होते हैं। ये ही विश्व के प्रगति के आधार स्तंभ हैं। | अस्वस्थ मन उदासीनता कुंठा और निराशा से घिरा रहता है। स्वस्थ व्यक्ति देश की प्रगति व समृद्धि में सहयोग दे सकता है। स्वस्थ व्यक्ति को यह सृष्टि प्रकृति की अनुपम कृति दिखाई देती है तथा प्रकृति का प्रत्येक कण उसमें कुछ करने की स्फूर्ति का संचार करता है। । यह सब निरोगी कार्या द्वारा ही संभव है।

प्रश्न- (क) मानव जीवन की वास्तविक संपत्ति क्या है?
(ख)सुविचार कहाँ उत्पन्न होते हैं?
(ग) अस्वस्थ मन की क्या स्थिति होती है?
(घ) 'स्वस्थ' और 'सृष्टि' का विलोम लिखिए।

3. 'छात्रों में बढ़ती अनुशासनहीनता ' (80-100) शब्दों में अनुच्छेद लिखिए| [4]

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए** 2x6 = 12

(क) मीठी वाणी बोलने से औरों को सुख और अपने तन को शीतलता कैसे प्राप्त होती है?
(ख) अपने स्वभाव को निर्मल रखने के लिए कवि ने क्या उपाय सुझाया है,
(ग) दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? साखी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

(घ) बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है? .

(ङ)छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फायदा उठाया ?

(च) बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थी ?